**दिनांक : 10/03/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल केरल और तमिलनाडु दौरे पर। दोनों राज्यों में 16 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ओंकारेश्वर पहुंचेंगे। नर्मदा परिक्रमा पूर्ण होने पर विशेष जलाभिषेक कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा।
- सरकार ने रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। जमाखोरी रोकने के लिए दो बुकिंग के बीच का अंतर 25 दिन किया।
- कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता ज्वाला ने पांच शावकों को दिया जन्म। भारत में चीतों की कुल संख्या 53 हुई।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-केरल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल केरल और तमिलनाडु के दौरे पर रहेंगे। दोपहर करीब डेढ़ बजे वे केरल के एर्नाकुलम में करीब 10 हजार 800 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में 5 हजार 650 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।

मुख्यमंत्री- ओंकारेश्वर दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ओंकारेश्वर जाएंगे। मुख्यमंत्री यहां नर्मदा परिक्रमा पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित विशेष जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। ओंकारेश्वर से मुख्यमंत्री इंदौर के लिए रवाना होंगे।

हाई कोर्ट- विजयपुर विधायक

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव रद्द कर दिया है। ग्वालियर बेंच के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने कल यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने पाया कि मुकेश मल्होत्रा ने नामांकन के वक्त अपने खिलाफ दर्ज 6 आपराधिक मामलों की जानकारी हलफनामे में छिपाई थी। इसी के साथ कोर्ट ने भाजपा के रामनिवास रावत को विजयपुर का विधायक घोषित कर दिया। इस फैसले पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा-

अश्विनी वैष्णव- वेबिनार

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत का रचनात्मक अर्थव्यवस्था क्षेत्र देश की संस्कृति और स्थानीय उत्पादों को दुनिया के सामने रख रहा है। बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभा रही है। भारतीय सृजकों की मदद के लिए वेव्स मंच बनाया गया है, जो अब वैश्विक स्तर पर एक मान्य मंच बन चुका है।

सागर- ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल सागर जिले में ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का उद्घाटन करेंगे। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। उद्घाटन के साथ ही रोजगार मेले का भी शुभारंभ होगा, जिसका मकसद युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी देना है।

लाड़ली बहना सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मार्च को घाटीगांव में लाड़ली बहना सम्मेलन और विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टर रुचिका चौहान ने कल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

वन्यजीव तस्कर गिरफ्तार

प्रदेश की स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने 9 साल से फरार वन्यजीव तस्कर को गिरफ्तार किया है। पश्चिम बंगाल के तारकनाथ घोष को कानपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। यह आरोपी दुर्लभ जलीय जीवों की अंतर्राष्ट्रीय तस्करी के मामले में 2017 से फरार था और इसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था।

एलपीजी उत्पादन

केंद्र सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति पर पाबंदियों के चलते यह फैसला लिया गया है। सरकार ने जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए अब दो बुकिंग के बीच का अंतर बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है।

कूनो- शावक

कूनो नेशनल पार्क से एक और खुशखबरी आई है। नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने कल पांच नन्हें शावकों को जन्म दिया। इसके साथ ही देश में चीतों की कुल संख्या 53 हो गई है। कूनो प्रबंधन के मुताबिक सभी पांचों शावक स्वस्थ हैं और डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे वन्यजीव संरक्षण के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

श्रम विभाग- प्रथम श्रमणा सहकारी समिति

श्रम विभाग की पहल पर बनी प्रथम श्रमणा सहकारी समिति ने भोपाल में अब घर-घर तकनीकी सेवाएं देना शुरू कर दिया है। आईटीआई प्रशिक्षित प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई और एसी तकनीशियन सिर्फ 200 रुपये के न्यूनतम शुल्क पर लोगों के घर जाकर काम कर रहे हैं। इस पहल का मकसद नागरिकों को भरोसेमंद सेवा देना और प्रशिक्षित मजदूरों को सम्मानजनक रोजगार दिलाना है।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत चलाए गए विशेष पंजीयन अभियान में प्रदेश ने पूरे देश में चौथा स्थान हासिल किया है। यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों, रिक्शा चालकों और घरेलू कामगारों जैसे असंगठित क्षेत्र के उन मजदूरों के लिए है, जिनकी उम्र 18 से 40 साल और मासिक आमदनी 15 हजार रुपये से कम है। इस योजना में जुड़ने पर 60 साल की उम्र के बाद हर महीने तीन हजार रुपये पेंशन और मजदूर की मृत्यु के बाद उसके जीवनसाथी को डेढ़ हजार रुपये पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। इच्छुक लोग अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर या maandhan.in पर पंजीयन करा सकते हैं।

डॉक्टर हड़ताल स्थगित

प्रदेश में स्टाइपेंड बढ़ाने को लेकर जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल 16 मार्च तक के लिए स्थगित हो गई है। कल शाम उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन का कहना है कि सभी मांगों पर सार्थक चर्चा हुई।

करीला धाम- मेला का आखिरी दिन

अशोकनगर जिले के मां जानकी धाम करीला में रंग पंचमी पर लगने वाले तीन दिवसीय मेले का आज आखिरी दिन है। प्रदेश के सबसे बड़े और चौथे मेले में पहले दो दिनों में ही करीब 20 लाख श्रद्धालु माता जानकी के दर्शन कर चुके हैं।

'क्वींस ऑन द व्हील्स'

प्रदेश के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए निकली 'क्वींस ऑन द व्हील्स' बाइक यात्रा के तहत देशभर की 25 महिला सुपर बाइकर्स कल शिवपुरी पहुंचीं। करीब 1400 किलोमीटर लंबी यह यात्रा भोपाल से शुरू होकर सांची, उदयगिरि, चंदेरी होते हुए शिवपुरी पहुंची और आगे ग्वालियर, ओरछा, खजुराहो से गुजरते हुए 13 मार्च को वापस भोपाल में समाप्त होगी।

पुलिस अफीम कार्रवाई

प्रदेश पुलिस ने पिछले एक हफ्ते में छतरपुर, टीकमगढ़ और दमोह जिलों में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने लगभग 7 हजार 890 किलोग्राम से ज्यादा अफीम की फसल जब्त की है, जिसकी बाजार कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

हॉकी मैच

एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर में भारत और स्कॉटलैंड का मुकाबला दो-दो से ड्रॉ रहा। हैदराबाद में खेले गए इस मैच में भारत पहले हाफ तक 2-1 से आगे था, लेकिन स्कॉटलैंड ने तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए बराबरी कर ली।

मौसम

प्रदेश में मार्च महीने में ही गर्मी ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कल रतलाम में पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं ग्वालियर और उज्जैन में पारा 37 डिग्री, भोपाल में 36.8 और इंदौर में 36.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक कई जिलों में तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री ज्यादा चल रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- मंदसौर में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार-रथ को कल हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।
- राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजना के अंतर्गत आज अशोकनगर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।
- झाबुआ में कल बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए जिला स्तर पर युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन शासकीय आईटीआई में किया जाएगा।
- बालाघाट के कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में कल एसडीआरएफ की टीम ने आपदा प्रबंधन जागरूकता अभियान का आयोजन किया।
- नर्मदापुरम जिले में आपदा बचाव और जन सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत कल डिप्टी कलेक्टर ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर की
- जबलपुर में कृषि के क्षेत्र में पारंपरिक शुद्धता और आधुनिक तकनीक के संगम को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आज बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है।
- खंडवा जिले में चल रहे “संकल्प से समाधान” अभियान के तहत आज पंधाना में शिविर आयोजित किया जाएगा।
- सिवनी जिले के पलारी गांव के सरपंच को ईओडब्ल्यू की टीम ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।
- मंडला में वन स्टॉप सेंटर ने ’फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026’ के तहत ग्राम पंचायत सेमरखापा में थीम आधारित आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया।
- राजगढ़ के खिलचीपुर में बाल विवाह मुक्त भारत नारी सम्मान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। बाल विवाह रोकने में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नारी सम्मान से सम्मानित किया गया।
- हरदा जिले के खिरकिया क्षेत्र में 50 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग से जलकर खाक हो गई। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।
- पन्ना जिले में कल पहले वन्यजीव-केंद्रित कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कॉन्क्लेव का समापन हुआ। इसका आयोजन मध्य प्रदेश वन विभाग और मध्य प्रदेश टाइगर फाउंडेशन सोसाइटी ने किया था।

-------------